# UP: उत्तर की ओर खिसका मानसून ट्रफ कराएगा बरसात, आज 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी; जानिए पूर्वानुमान



यूपी में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश बनी रह सकती है। उमस भरी गर्मी के बीच रविवार को उत्तर प्रदेश में मौसम का तेवर एक बार फिर बदला नजर आया। तराई क्षेत्र में दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही, जबकि बांदा, उरई, बरेली और शाहजहांपुर समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार से प्रदेश में मानसून दोबारा सक्रिय होगा और अगले कुछ दिनों के लिए बारिश का दौर फिर से शुरू होगा।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून ट्रफ के फिर उत्तर की ओर खिसकने और बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के मजबूत होने से 27 से 30 जुलाई के बीच पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना है।सोमवार के लिए बहराइच और लखीमपुर खीरी में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 17 जिलों में भारी बारिश और 48 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

**इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

बहराइच, लखीमपुर खीरी सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, हरदोई, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं आस पास के क्षेत्रों में।

**आज लखनऊ में हो सकती है बारिश**

राजधानी में रविवार को उमस और चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिनभर तेज धूप और हवा में नमी बढ़ने से हीट इंडेक्स ऊंचा रहा। इसकी वजह से दोपहर के समय लोगों को काफी बेचैनी महसूस की। अधिकतम तापमान में 1.6 डिग्री की बढ़त भी दर्ज की गई।मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को देर-सवेर मौसम का मिजाज बदलने के संकेत हैं। शहर में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसके साथ ही अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। बीच-बीच में बूंदाबांदी का दौर देखने को मिल सकता है।

# यूपी में एक और पति का कत्ल: बीवी ने दबाया मुंह, प्रेमी ने कसा गला; वंदना ने सुबह उठकर सबसे पहले किया था ये काम




जौनपुर में हुए संदीप हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पत्नी ने पति का मुंह दबाया था, जबकि प्रेमी ने सीने पर चढ़कर गमछे से गला कसा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी को पति की हत्या का जरा भी पछतावा नहीं है।जौनपुर के बदलापुर कस्बे के वार्ड नंबर आठ में शुक्रवार की रात हुई पल्लेदार संदीप उर्फ चंद्रीप (27) की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। संदपी की हत्या पत्नी वंदना और उसके प्रेमी राजेश ने मिलकर की थी। वंदना ने पति का मुंह दबा दिया, जबकि राजेश ने सीने पर चढ़कर नीले रंग के गमछे से उसका गला कस दिया था।राजेश रिश्ते में वंदना का ममेरा भाई लगता है। पुलिस के मुताबिक दोनों ने भलुआही बाजार में हत्या की साजिश रची थी। थानाध्यक्ष बदलापुर फूलचंद्र पांडेय के मुताबिक आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष के मुताबिक, आरोपियों ने बताया कि वह एक-दूसरे से चार साल से संपर्क में हैं। वंदना की शादी के बाद गजाधरपुर निवासी अविवाहित राजेश भलुआही में किराये के मकान में रहने लगा, जो उसके घर से करीब 500 मीटर दूर है।दोनों एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहते थे। वंदना की दो संतानों में से एक से राजेश बहुत लगाव रखता था। जानकारी होने पर संदीप ने नाराजगी जताई थी। इस कारण आठ-दस दिन से राजेश, वंदना से मिलने घर नहीं आता था।

**पति की मौत का नहीं है पछतावा**

पुलिस की पूछताछ के दौरान वंदना को अपने किए का पछतावा नहीं था। दोनों आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मिलने के बाद चालान कर न्यायालय भेज दिया गया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। दोनों मासूम बच्चों को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

**दो मासूमों से छिना पिता का साया**

इस घटना ने दो मासूम बच्चों के सिर से मां का प्यार और पिता का साया भी छीन लिया। जिस घर में हंसी खुशी का माहौल होना चाहिए था, वहां अब मातम पसरा है।पिता की मौत और मां के जेल जाने के बाद दोनों मासूमों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। संदीप परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा था। पल्लेदारी कर वह घर का खर्च चलाता था और अपने बुजुर्ग पिता लालजी, पत्नी व दोनों बच्चों की जिम्मेदारी निभाता था। मां और बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी थी।दो छोटे भाई अपने परिवार के साथ मुंबई में काम करते हैं। पिता लालजी को जिस बेटे के सहारे बुढ़ापा कटने की उम्मीद थी, उसी की अर्थी उठानी पड़ी। बच्चों की और परिवार की जिम्मेदारी बुजुर्ग पिता के कंधों पर आ गई है।

**वंदना ने की थी साक्ष्य मिटाने की कोशिश**

पुलिस के अनुसार, घटना के बाद राजेश अपने घर जाकर सो गया। जबकि वंदना ने साक्ष्य मिटाने के लिए गोबर से घर की लिपाई की। सुबह वंदना ने अपने बुजुर्ग ससुर से कहा कि संदीप को जगा दें, ताकि मौके पर ससुर के पैर के निशान पड़ जाएं। ससुर ने पहले घटना का स्वाभाविक मौत मान लिया था और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे, किंतु किसी महिला की नजर संदीप के गले पर पड़ी तो ससुर को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि वंदना और राजेश के बीच प्रेम संबंध का संदीप विरोध करता था।

# बैरिकेडिंग अब लगी जब चली गई जिंदगी: आंखों के सामने दोस्त डूब गया, अव्यान के लिए मदद लेकर आया था लवकुश




कलाधाम सोसाइटी में शनिवार शाम हुए हादसे के वक्त अव्यान (6) दोस्त लवकुश (5) के साथ खेल रहा था। पैर फिसलने के बाद गड्ढे में डूबते दोस्त को देख वह लोगों से मदद मांगने भागा। मदद के साथ वापस घटनास्थल पर पहुंचा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।ग्रेटर नोएडा की कलाधाम सोसाइटी में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से छह वर्षीय मासूम की मौत के बाद रविवार को पूरे इलाके का माहौल गमगीन रहा। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया। सुबह जैसे ही मासूम का शव सोसाइटी पहुंचा परिजनों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की आंखें भी नम हो गईं। हर किसी की जुबान पर एक ही सवाल था कि अगर समय रहते सुरक्षा के इंतजाम कर दिए गए होते तो मासूम की जान बच सकती थी। लोगों ने कहा कि यह सिस्टम की लापरवाही से हुई मौत नहीं बल्कि हत्या है।पुलिस सुरक्षा के बीच परिजन शव को लेकर सफीपुर स्थित अंतिम निवास पहुंचे। जहां नम आंखों के साथ मासूम का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में रिश्तेदारों, सोसायटी के निवासियों और परिचित शामिल हुए। इस दौरान लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी देखने को मिला। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसीपी रवि शंकर निम और एडीसीपी संतोष कुमार ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस बीच अंतिम निवास के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

**यही व्यवस्था पहले कर देते तो नहीं जाती जान**

जिस गड्ढे के कारण एक मासूम की जान चली गई उसी स्थान पर हादसे के बाद प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन हरकत में दिखाई दिया। घटना स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है और बांस के साथ रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर क्षेत्र को सुरक्षित किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही व्यवस्था पहले कर दी जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था।

**अंतिम यात्रा के दौरान पुलिस से नोकझोंक**

शव को अंतिम निवास ले जाने के दौरान भी विवाद की स्थिति बन गई। परिजनों के अनुसार रास्ते में कुछ परिचितों के पीछे छूटजाने की सूचना मिली। इस पर शव वाहन को कुछ देर रोकने का आग्रह किया। आरोप है कि साथ चल रहे पुलिसकर्मी ने वाहन नहीं रुकवाया। इसी दौरान दूसरी गाड़ी से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने एक युवक को जबरन वाहन से नीचे उतार दिया। आरोप है कि धक्का देने से उसके हाथ में चोट भी लग गई। इसके बाद पुलिस शव वाहन को लेकर आगे रवाना हो गई। इस घटना से परिजनों और पुलिस के बीच कुछ देर तनाव का माहौल बना रहा।

**आरडब्ल्यूए ने झाड़ा पल्ला, नहीं दी गई थी कोई सूचना**

कलाधाम आरडब्ल्यूए के सचिव देवेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्राधिकरण ने गड्ढा खोदने से पहले आरडब्ल्यूए को कोई सूचना नहीं दी थी। उन्होंने आरडब्ल्यूए के कहने पर गड्ढा खोदे जाने के आरोप को निराधार बताया। साथ ही कहा कि यदि किसी के पास इसका साक्ष्य है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। वहीं सोसाइटी निवासी रितिका ने बताया कि गड्ढा तीन दिन पहले से खोदा जा रहा था लेकिन न तो किसी को इसकी जानकारी दी गई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाया गया। यदि निर्माण कार्य की सूचना और सुरक्षा घेरा बनाया गया होता तो लोग उस स्थान पर जाने से बच सकते थे। वहीं निवासियों का कहना है कि गड्ढे में भरा पानी नलकूप की बोरिंग के लिए लाया गया था।

**आंखों के सामने दोस्त डूब गया, मदद मिली पर सांसों ने छोड़ दिया साथ**

कलाधाम सोसाइटी में शनिवार शाम हुए हादसे के वक्त अव्यान (6) दोस्त लवकुश (5) के साथ खेल रहा था। पैर फिसलने के बाद गड्ढे में डूबते दोस्त को देख वह लोगों से मदद मांगने भागा। मदद के साथ वापस घटनास्थल पर पहुंचा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। किसी तरह स्थानीय लोगों ने अव्यान को बाहर निकाला। तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी।सोसाइटी निवासियों ने बताया कि लवकुश का परिवार सोसाइटी में रहता है। हादसे के वक्त अव्यान कुछ उठाने के लिए गड्ढे के पास गया। फिसलकर वह गड्ढे में गिर गया। यह देखकर लवकुश ने मदद के लिए दौड़ लगाई। पास में सोसाइटी निवासी प्रांजल कार साफ कर रहे थे। लवकुश ने प्रांजल को अव्यान के पानी में गिरने की जानकारी दी। उसके बाद लवकुश मदद के लिए आगे दौड़ गया।

# UP: यूपी में नकली दवाओं का बड़ा खेल, रद्द लाइसेंस पर भी चल रहा करोड़ों का कारोबार; लखनऊ से गोरखपुर तक फैला जाल



यूपी में नकली दवाओं का बड़ा खेल चल रहा है। लाइसेंस रद्द होने पर भी करोड़ों का कारोबार चल रहा है। लखनऊ से गोरखपुर तक जाल फैला है।उत्तर प्रदेश में नकली दवा कारोबार से जुड़ा गिरोह फर्जी ट्रेडिंग के लिए उन दुकानदारों को निशाना बनाते हैं, जिनका लाइसेंस किसी कारण से रद्द हो जाता है। रद्द लाइसेंस वालों को दो से आठ फीसदी तक कमीशन दिया जाता है। यह खेल लखनऊ ही नहीं प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर सहित अन्य शहरों में भी चल रहा है। एफएसडीए की टीम अब इन शहरों की जांच शुरू कर दी है।नकली दवा कारोबारी दवाओं की आपूर्ति के लिए न सिर्फ अपना कर्मचारी तैनात कर रहे हैं बल्कि बिलिंग में खेल के लिए लाइसेंस रद्द होने वाले और जिनकी बिक्री औसत कम है, उन्हें भी जाल में फंसाते हैं।

**तीन से आठ फीसदी कमीशन मिलता था**

लखनऊ में हुई जांच में यह खुलासा हुआ है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि शिव शक्ति मेडिकल स्टोर के संचालक कपिल जायसवाल का लाइसेंस पांच जनवरी को रद्द कर दिया गया। फिर भी उसके लाइसेंस नंबर पर अमीनाबाद के विद्या फार्मा के संचालक प्रियांशु व सुधांशु आपूर्ति देते रहे। इसके एवज में कपिल को तीन से आठ फीसदी कमीशन मिलता था। इसी तरह नकली दवा ले आने वाले हरमीत और साहिल को दो फीसदी कमीशन मिलता था। यह दवाएं लखनऊ से कानपुर और गोरखपुर के व्यापारियों के यहां भी भेजी गई हैं।

**बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंची हैं बीपी की दवाएं**

ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने के लिए दी जाने वाली टेल्मा एएम बैच नंबर 18240682 और टेल्मा एच की बैच नंबर 18240905, बैच नंबर 18240905 और बैच नंबर 18240628 को फर्जी बिलिंग में दर्ज किया गया है। ऐसे में आशंका है कि यह बैच नंबर नकली दवाओं पर दर्ज नंबर है। ऐसे में बाजार में ब्लड प्रेशर की बड़ी मात्रा में नकली दवाएं पहुंच चुकी हैं।

**मेरठ और बागपत में तैयार हो रही थी नकली दवा**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम को जानकारी मिली है कि उत्तराखंड से बड़ी मात्रा में नकली दवाएं यूपी में खपाई गई हैं। हिमाचल और उत्तराखंड से लाई गई नकली दवाओं की पैकिंग अलग-अलग शहरों में भी हो रही है। मेरठ के खरदौनी में छापेमारी के दौरान दवाओं की पैकेजिंग में प्रयोग होने वाली मशीन मिली है। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित आरएस ग्लोबल फार्मा से सांठगांठ करके फैटी लिवर में प्रयोग होने वाली दवा इवियान 40 तैयार किया जा रहा था। यहां मिले सुराग के आधार पर बागपत के प्रेस्कॉट फार्मा जेल प्राइवेट लिमिटेड की जांच की गई को वहीं भी बिना पैकिंग वाली विटामिन ई मिली है। यहां से अवैध रूप से प्रोसेस व पैक कर इवियन 400 एमजी को बाजार में भेजा जा रहा था।

# CJP Protest: सामान्य हुई लुटियंस दिल्ली, दीवारों से मिटे आंदोलन के निशान; पर्यटकों की चहल-पहल लौटी; तस्वीरें





सीजेपी प्रदर्शन खत्म होने के बाद लुटियंस दिल्ली सामान्य हो गई है। जंतर-मंतर से हटे बैरिकेड हटा दिए गए हैं। दीवारों से आंदोलन के निशान मिटा दिए गए हैं। रातभर सफाई अभियान चला। संसद मार्ग समेत सभी प्रमुख रास्तों पर यातायात सामान्य हो गया है। पर्यटकों की चहल-पहल लौट गई है।प्रदर्शन, कड़े सुरक्षा इंतजाम और यातायात प्रतिबंधों के कारण एक सप्ताह तक प्रभावित रही लुटियंस दिल्ली ने शनिवार रात आंदोलन समाप्त होने के बाद रविवार को सामान्य स्थिति में वापसी कर ली। जंतर-मंतर पर धरना खत्म होते ही प्रशासन ने रातभर सफाई अभियान चलाया। सुबह तक जंतर-मंतर, संसद मार्ग और आसपास की सड़कों से पोस्टर, बैनर, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य सामान हटा दिया गया। आंदोलन के लगभग सभी निशान मिटा दिए गए। इलाके में लगाए गए अस्थायी बैरिकेड और सुरक्षा नाके भी हटा लिए गए।इसके बाद संसद मार्ग, अशोक रोड, जनपथ, कनॉट प्लेस, विंडसर प्लेस, बाबा खड़क सिंह मार्ग और मंडी हाउस की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात सामान्य हो गया। कई दिनों से लंबे डायवर्जन और जाम से परेशान वाहन चालकों, कार्यालय आने-जाने वालों तथा टैक्सी-ऑटो चालकों ने राहत की सांस ली। उनका कहना था कि मार्ग परिवर्तन के कारण समय और ईंधन दोनों की अतिरिक्त खपत हो रही थी, जबकि रविवार को सफर पहले की तरह सहज रहा।

आंदोलन के दौरान जंतर-मंतर के साथ-साथ मोबाइल फोन और सोशल मीडिया भी विरोध का प्रमुख माध्यम बने। इंटरनेट युग की युवा पीढ़ी ने प्रदर्शन की गतिविधियों, भाषणों और नारों को मोबाइल कैमरों में रिकॉर्ड कर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर साझा किया। वीडियो, तस्वीरें और मीम्स तेजी से वायरल हुए, जिससे आंदोलन को व्यापक पहचान मिली और बड़ी संख्या में युवा इससे जुड़े।

**टॉलस्टॉय मार्ग की दीवारें रातों-रात पुराने स्वरूप में लौटीं**

उधर, जंतर-मंतर और टॉलस्टॉय मार्ग की दीवारों को भी रातों-रात पुराने स्वरूप में लौटा दिया गया। नगर परिषद के कर्मचारियों ने सफेद रंग से सभी ग्रैफिटी, नारों और संदेशों को ढक दिया। इंपीरियल होटल के सामने की लंबी दीवार, जिस पर लोकतंत्र, संविधान, अभिव्यक्ति की आजादी और बदलाव जैसे विषयों पर युवाओं ने अपने विचार लिखे थे, रविवार तक फिर सामान्य दिखाई देने लगी। पेड़ों, लोहे के गेटों और फुटपाथों पर बने अधिकांश निशान भी हटा दिए गए।रविवार शाम तक पूरा जंतर-मंतर ऐसा दिखाई दे रहा था, मानो यहां पिछले सप्ताह हजारों युवाओं का जमावड़ा कभी लगा ही न हो। प्रशासन के अनुसार, पूरे इलाके को सामान्य स्थिति में लौटाने और सार्वजनिक संपत्ति को पहले जैसी अवस्था में बहाल करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

**इंडिया गेट, सेंट्रल विस्टा और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ी पर्यटकों की चहल-पहल**

आंदोलन समाप्त होने के बाद सबसे अधिक राहत वाहन चालकों और आम लोगों को मिली। जहां पिछले कई दिनों से कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में लंबा समय लग रहा था, वहीं रविवार को बिना किसी डायवर्जन के लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंचे।

## अमेरिका: फूड फेस्टिवल में गोलीबारी, मची अफरा-तफरी, बच्चे समेत 4 लोग घायल; क्या है पूरा मामला?

अमेरिका के सिएटल में फूड फेस्टिवल के दौरान हुई गोलीबारी में बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को खाली कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है, जानिए क्या है पूरा मामला? अमेरिका के सिएटल में रविवार रात हुई गोलीबारी में एक बच्चे समेत कम से कम चार लोग घायल हो गए। यह घटना स्पेस नीडल के पास स्थित एक कार्यक्रम स्थल में हुई। एक अस्पताल की प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने तुरंत इस घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी जारी नहीं की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से इस इलाके से दूर रहने की अपील की है।

**घायलों में कौन-कौन शामिल हैं?**

हार्बरव्यू मेडिकल सेंटर की प्रवक्ता सुसान ग्रेग ने बताया कि अस्पताल में चार घायलों को भर्ती कराया गया है। इनमें एक छोटा बच्चा, 23 साल का एक युवक और दो महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर है।

फूड फेस्टिवल के दौरान कैसे मची भगदड़?




सिएटल सेंटर में पूरे सप्ताहांत बाइट ऑफ सिएटल फूड फेस्टिवल चल रहा था। एक चश्मदीद एस्टन वाकोनाबो ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ फेस्टिवल में फोटो बूथ के लिए लाइन में खड़े थे। तभी किसी ने उन्हें पीछे से धक्का दिया। जब उन्होंने पीछे मुड़कर देखा तो बड़ी संख्या में लोग भागते हुए नजर आए।

वाकोनाबो ने कहा, लोग छिप रहे थे। एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे। कई लोग जमीन पर गिर रहे थे और बच्चों की गाड़ियां भी गिर रही थीं। उन्होंने बताया कि उसी समय उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी।

## इस्राइल को चुनौती दे रहा ईरान?: हिजबुल्ला के समर्थन में आए मोजतबा, कहा- जिहाद और प्रतिरोध ही आखिरी रास्ता




ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने हिजबुल्ला के समर्थन में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संगठन को इस्राइल के खिलाफ मजबूत चट्टान बताते हुए कहा कि मौजूदा हालात में जिहाद और प्रतिरोध के अलावा आगे बढ़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने इस्राइल के खिलाफ हिजबुल्ला के लड़ाकों की खुलकर सराहना की है। उन्होंने हिजबुल्ला को आक्रामकता के खिलाफ मजबूत चट्टान बताते हुए कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ने लेबनानी लड़ाकों की रक्षा को अपनी रणनीतिक नीति का हिस्सा बनाया है।

**मोजतबा खामेनेई ने हिजबुल्ला को लेकर क्या कहा?**

अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, मोजतबा खामेनेई ने कहा कि हिजबुल्ला की मजबूती दुनिया भर के उन देशों के लिए हौसले का संदेश बन गई है, जो दमन और वैश्विक अहंकार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं।

**शेख नईम कासिम को लिखे जवाब में क्या कहा गया?**

सोशल मीडिया पर साझा किए गए संदेश में खामेनेई ने हिजबुल्ला के महासचिव शेख नईम कासिम और संगठन के लड़ाकों की ओर से भेजे गए वफादारी पत्र का जवाब दिया। उन्होंने उनके धैर्य, बड़प्पन और त्याग की सराहना करते हुए हिजबुल्ला को इस्राइल के खिलाफ प्रतिरोध में सबसे आगे रहने वाली अडिग चट्टान बताया।

**'जिहाद और प्रतिरोध' को लेकर खामेनेई का क्या बयान रहा?**

खामेनेई ने कहा कि आज जब दुनिया के कई देश अमेरिकी सरकार और अपराधी जायोनी ताकतों के अत्याचार और दमन से परेशान हैं, तब जिहाद और प्रतिरोध के अलावा आगे बढ़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि लेबनान का हिजबुल्ला जिहादी समूहों का नेतृत्व करते हुए इस्राइल और उसके समर्थकों के हिंसक हमलों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। उनके अनुसार, यह दृढ़ता दुनिया के आजाद देशों के लिए प्रेरणा का संदेश बन गई है।

**ईरान ने अपनी रणनीतिक नीति को लेकर क्या कहा?**

मोजतबा खामेनेई ने कहा कि इन लड़ाकों की रक्षा करना ईरान की रणनीतिक नीति है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध समाप्त करने से जुड़े किसी भी समझौते के लिए लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखना और इस्राइली "आक्रामकता" को पूरी तरह तथा बिना शर्त समाप्त करना पहली शर्त होनी चाहिए।

**हिजबुल्ला के विकास को लेकर क्या टिप्पणी की गई?**

खामेनेई ने दक्षिणी लेबनान के लोगों के धैर्य और समर्थन की सराहना की। उन्होंने हिजबुल्ला के दिवंगत नेता सैयद हसन नसरल्लाह और अन्य कमांडरों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि लड़ाकों ने हिजबुल्ला को एक "छोटे पौधे" से "बड़े पेड़" में बदल दिया और पूरे इस्लामी जगत में लेबनान का सम्मान बढ़ाया।

## एपस्टीन की 'फेवरेट': बेलारूस की डेंटिस्ट की कहानी, जो $100 मिलियन, 33 कैरेट की हीरे की अंगूठी की बनी दावेदार




अरबपति अपराधी जेफरी एप्स्टीन की मौत के कई वर्षों बाद उससे जुड़ी एक ऐसी महिला का खुलासा हुआ है, जो करोड़ों की संपत्ति की मालकिन बनने जा रही है। इस महिला का नाम डॉ. करिना शुलियाक है, जो बेलारूस से ताल्लुक रखने वाली एक 37 वर्षीय डेंटिस्ट हैं। आइए इस पूरी और चौंकाने वाली कहानी को आसान हिंदी में विस्तार से जानते हैं...

अमेरिका में यौन अपराधों के आरोपी जेफरी एपस्टीन की मौत के करीब सात साल बाद उसकी कथित गर्लफ्रेंड डॉ. करिना शुलियाक एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा जारी लाखों दस्तावेजों में दोनों के रिश्ते से जुड़ी कई नई जानकारियां सामने आई हैं। इन दस्तावेजों के अनुसार, बेलारूस की रहने वाली 37 वर्षीय डेंटिस्ट करिना शुलियाक एपस्टीन की वसीयत में शामिल हैं और उन्हें उसकी संपत्ति से 100 मिलियन डॉलर (करीब 860 करोड़ रुपये) तक की रकम और 33 कैरेट की हीरे की अंगूठी मिल सकती है। हालांकि उन्हें आखिरकार कितनी संपत्ति मिलेगी, यह अभी तय नहीं है।

**2011 में हुई थी पहली मुलाकात**

एक अमेरिकी समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करिना 2010 में स्टूडेंट वीजा पर बेलारूस से अमेरिका आई थीं। वह अंग्रेजी सीख रही थीं और एक डेंटल असिस्टेंट के रूप में करीब 15 डॉलर प्रति घंटे की नौकरी करती थीं। मार्च 2011 में उनकी मुलाकात 58 वर्षीय जेफरी एपस्टीन से हुई। शुरुआत में उन्होंने एपस्टीन की आर्थिक मदद लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में दोनों के बीच करीबी रिश्ता बन गया। कुछ ही महीनों में करिना एपस्टीन के न्यू मैक्सिको स्थित रैंच और निजी द्वीप तक पहुंच गईं।

**पढ़ाई से लेकर खर्च तक सब उठाया**

दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन ने करिना की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाया। उसने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के डेंटल स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट के अनुसार, उसने विश्वविद्यालय को करीब 2.10 लाख डॉलर का दान भी दिया।

एपस्टीन ने करिना की ट्यूशन फीस भरी, उन्हें क्रेडिट कार्ड दिया, दुनिया भर की यात्राएं कराईं और वर्षों में करीब 10 लाख डॉलर दिए। उसने करिना के माता-पिता को भी बेलारूस में हजारों डॉलर भेजे।

**अमेरिका की नागरिकता दिलाने के लिए कराई शादी**

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि करिना का स्टूडेंट वीजा खत्म हो चुका था। ऐसे में 2013 में एपस्टीन ने उन्हें अमेरिका में कानूनी रूप से रहने का रास्ता निकालने के लिए अपनी एक महिला कर्मचारी और कथित पीड़िता से शादी कराने की योजना बनाई। दोनों महिलाओं की शादी न्यूयॉर्क में हुई। इसके बाद इमिग्रेशन दस्तावेज दाखिल किए गए और करिना को ग्रीन कार्ड मिल गया। बाद में 2018 में वह अमेरिकी नागरिक बन गईं। एक साल बाद दोनों का तलाक हो गया। बाद में अमेरिकी कांग्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि दूसरी महिला ने आरोप लगाया था कि उस पर यह शादी करने का दबाव बनाया गया था।

**एपस्टीन के घर और संपत्तियों का संभालती थीं काम**

2019 तक करिना एपस्टीन के न्यूयॉर्क स्थित आलीशान घर में रहती थीं। वह उसकी कई संपत्तियों के प्रबंधन में भी मदद करती थीं। घरों की देखभाल, कर्मचारियों का काम, फर्नीचर की खरीद और अन्य व्यवस्थाएं वह संभालती थीं। रिपोर्ट के अनुसार, मोरक्को में एक महल खरीदने की कोशिश में भी उनकी भूमिका थी।

**मौत से पहले आखिरी बार करिना से हुई थी बात**

जुलाई 2019 में एपस्टीन को यौन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के करीब एक महीने बाद जेल से उसने करिना को फोन किया। बताया जाता है कि यही उसकी आखिरी फोन कॉल थी। उसने करिना से कहा था कि मुकदमे में समय लगेगा और फिलहाल वह कहीं और रहने की व्यवस्था कर लें। अगले ही दिन 10 अगस्त 2019 को न्यूयॉर्क की जेल में एपस्टीन मृत पाया गया। अधिकारियों ने उसकी मौत को आत्महत्या बताया था।

**वसीयत में मिला बड़ा हिस्सा**

मौत से कुछ समय पहले एपस्टीन ने अपनी वसीयत में संशोधन किया था। उसमें करिना के लिए 33 कैरेट की हीरे की अंगूठी और अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा छोड़ा गया। हालांकि पीड़ितों को मुआवजा देने के बाद अब एपस्टीन की संपत्ति का मूल्य लगभग 120 से 200 मिलियन डॉलर के बीच बताया जाता है। इसलिए करिना को वास्तविक रूप से कितनी रकम मिलेगी, यह कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

**फिर शुरू किया डेंटिस्ट का करियर**

एपस्टीन की मौत के बाद करिना ने दोबारा अपने डेंटिस्ट करियर पर ध्यान दिया। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी से पोस्टडॉक्टोरल प्रोग्राम पूरा किया और 2025 में न्यूयॉर्क में डेंटिस्ट के रूप में लाइसेंस हासिल कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह ब्रुकलिन के एक छोटे क्लिनिक में पार्ट-टाइम डेंटिस्ट के तौर पर काम करने लगी थीं, जहां मरीज उन्हें सिर्फ 'डॉ. करिना' के नाम से जानते थे। लेकिन जब एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक हुए तो उन्होंने नौकरी छोड़ दी और फिर वापस नहीं लौटीं।

## Automobile Market: महंगी होती कारें, बढ़ता ईवी क्रेज और AI का असर... जानिए कैसे बदल रहा है दुनिया का ऑटो बाजार




बढ़ती महंगाई और वित्तीय चिंताओं के बीच वैश्विक ऑटोमोटिव और परिवहन क्षेत्र में एक अभूतपूर्व बदलाव देखा जा रहा है। मैकिन्से की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, जेब पर पड़ता आर्थिक दबाव, इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति बढ़ता रुझान, उन्नत प्रौद्योगिकियां और मोबिलिटी की बदलती प्राथमिकताएं वैश्विक वाहन बाजार का नया चेहरा तय कर रही हैं। दुनियाभर में ऑटोमोबाइल और परिवहन क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। वाहन खरीदने वालों की प्राथमिकताएं अब पहले जैसी नहीं रहीं। बढ़ती कीमतों के कारण लोग बजट को लेकर ज्यादा सतर्क हो गए हैं, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और नई मोबिलिटी सेवाओं में दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। मैकिन्से (McKinsey) की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि किफायती विकल्प, नई तकनीक और बदलती मोबिलिटी जरूरतें आने वाले समय में वैश्विक ऑटो बाजार की दिशा तय करेंगी। यह रिपोर्ट चीन, जर्मनी, जापान, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका के 20,000 से अधिक मोबिलिटी यूजर्स पर किए गए सर्वे के आधार पर तैयार की गई है।

**महंगाई और बजट की चिंताएं खरीदारों के फैसलों को कैसे प्रभावित कर रही हैं?**

रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबाव अब लोगों के वाहन खरीदने के फैसलों को सीधे प्रभावित कर रहा है। कई ग्राहक नई कार खरीदने की योजना तो बना रहे हैं, लेकिन बजट की वजह से अपने फैसले बदल रहे हैं। 32% लोगों ने खरीद टालने की बात कही: सर्वे में शामिल करीब एक-तिहाई लोगों ने कहा कि आर्थिक कारणों से वे अपनी अगली गाड़ी की खरीद फिलहाल टाल सकते हैं। 45% छोटे वाहन पर विचार कर रहे हैं: लगभग आधे उत्तरदाताओं ने कहा कि बजट के भीतर रहने के लिए वे अपनी पहले की योजना की तुलना में छोटा वाहन खरीदने पर विचार करेंगे।

**क्या ग्राहक अब गुणवत्ता से समझौता करेंगे?**

बजट की चिंता बढ़ने के बावजूद ग्राहक तकनीक और गुणवत्ता के मामले में समझौता करने के पक्ष में नहीं दिख रहे हैं। उनके लिए कीमत के साथ-साथ आधुनिक फीचर्स भी उतने ही महत्वपूर्ण बने हुए हैं। 60% के लिए 'वैल्यू फॉर मनी' सबसे अहम: सर्वे में शामिल 60 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वाहन खरीदते समय उन्हें सबसे ज्यादा महत्व उस उत्पाद को मिलता है, जो कीमत के मुकाबले बेहतर मूल्य प्रदान करे।

एडवांस फीचर्स की मांग बरकरार: आर्थिक दबाव के बावजूद उपभोक्ता आधुनिक तकनीक और नए फीचर्स से लैस वाहन ही चाहते हैं।

**किन देशों में EV की मांग सबसे ज्यादा है?**

रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, हालांकि अलग-अलग देशों में इसकी रफ्तार अलग है।

चीन सबसे आगे: 80 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि उनका अगला वाहन इलेक्ट्रिक होने की संभावना है।

यूरोप में लगभग आधे खरीदार तैयार: यूरोप में करीब 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ईवी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई।

जापान: यहां 37 प्रतिशत लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने की संभावना जताई।

अमेरिका: अमेरिका में यह आंकड़ा 36 प्रतिशत रहा।

**EV खरीदने वालों की सोच में क्या बदलाव आया है?**

रिपोर्ट बताती है कि अब इलेक्ट्रिक वाहन केवल शुरुआती तकनीक अपनाने वाले ग्राहकों तक सीमित नहीं हैं। धीरे-धीरे यह आम ग्राहकों की पसंद भी बनते जा रहे हैं।

मिडिल क्लास परिवार भी जुड़ रहे हैं: अब मध्यमवर्गीय परिवार और व्यवहारिक सोच रखने वाले ग्राहक भी संभावित ईवी खरीदारों में शामिल हो रहे हैं।

रेंज एंग्जायटी कम हुई: पहले की तुलना में बैटरी खत्म होने की चिंता काफी कम हुई है।

फिर भी कुछ चिंताएं बाकी हैं: चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बैटरी की लंबी उम्र और वाहन की कीमत अभी भी कई ग्राहकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं।

**AI और ADAS क्यों बन रहे हैं नए गेम चेंजर?**

रिपोर्ट के अनुसार अब केवल इंजन या डिजाइन ही ग्राहकों का फैसला तय नहीं करेंगे। AI, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और डिजिटल व्हीकल इकोसिस्टम जैसी तकनीकें भी कंपनियों के बीच बड़ा अंतर पैदा कर रही हैं।

बेहतर सेल्फ-ड्राइविंग के लिए ब्रांड बदलने को तैयार: सर्वे में शामिल हर चार में से लगभग एक व्यक्ति ने कहा कि यदि किसी दूसरे ब्रांड में बेहतर सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक मिलती है तो वह ब्रांड बदल सकता है।

चीन में सबसे ज्यादा दिलचस्पी: सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक को लेकर सबसे अधिक उत्साह चीन के ग्राहकों में देखा गया।

**क्या ग्राहकों की ब्रांड लॉयल्टी कमजोर पड़ रही है?**

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि अब ग्राहक पहले की तुलना में किसी एक ब्रांड से लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए उतने प्रतिबद्ध नहीं हैं।

28% ग्राहक ब्रांड बदल सकते हैं: सर्वे में शामिल 28 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगली बार वाहन खरीदते समय वे दूसरे ब्रांड का विकल्प चुन सकते हैं।

चीनी कंपनियां तेजी से आकर्षित कर रहीं ग्राहक: प्रतिस्पर्धी कीमत और आधुनिक तकनीक के कारण नए ऑटोमोबाइल ब्रांड, खासकर चीन की कंपनियां, ग्राहकों का ध्यान तेजी से अपनी ओर खींच रही हैं।

**वाहन खरीदने का तरीका कैसे बदल रहा है?**

नई पीढ़ी के ग्राहक अब केवल शोरूम पर निर्भर नहीं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन टूल्स वाहन खरीदने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनते जा रहे हैं।

AI टूल्स का बढ़ता इस्तेमाल: युवा ग्राहक और ईवी खरीदने वाले लोग वाहन चुनने की प्रक्रिया में AI आधारित टूल्स का अधिक उपयोग कर रहे हैं।

ओम्नीचैनल खरीदारी का बढ़ता चलन: ग्राहक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों का इस्तेमाल करके वाहन खरीदने का फैसला ले रहे हैं।

**भविष्य की मोबिलिटी कैसी होगी?**

रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले वर्षों में केवल निजी वाहन ही नहीं, बल्कि नई मोबिलिटी सेवाएं भी परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा बनेंगी।

शेयर्ड ऑटोनॉमस वाहन: साझा उपयोग वाले स्वचालित वाहनों की भूमिका बढ़ने की संभावना है।

माइक्रोमोबिलिटी का विस्तार: छोटे दूरी के परिवहन विकल्प भी भविष्य के मोबिलिटी इकोसिस्टम का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं।

**McKinsey ने कंपनियों को क्या सलाह दी?**

रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में वही ऑटोमोबाइल निर्माता और मोबिलिटी सेवा प्रदाता प्रतिस्पर्धा में आगे रह पाएंगे, जो किफायती कीमत, एडवांस टेक्नोलॉजी, ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत अनुभव और लचीले मोबिलिटी समाधान, इन सभी का संतुलित मेल ग्राहकों को उपलब्ध करा सकेंगे।

बदलती उपभोक्ता अपेक्षाओं के बीच कंपनियों के लिए केवल अच्छा उत्पाद बनाना पर्याप्त नहीं होगा। बल्कि ग्राहकों की नई जरूरतों के अनुसार खुद को लगातार विकसित करना भी उतना ही जरूरी होगा।

## 15 अगस्त से पहले दहलाने की साजिश: 1.3 किलो हाई एक्सप्लोसिव आईईडी मिली, विस्फोटक कहां से आया और निशाना क्या था?




15 अगस्त से पहले पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम हुई है। पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। 1.3 किलो हाई एक्सप्लोसिव आईईडी के साथ मुख्य ऑपरेटिव गिरफ्तार हुआ है। आईएसआई समर्थित नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की गई है। स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में बड़े आतंकी हमले की साजिश को पंजाब पुलिस ने नाकाम कर दिया। काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर और जालंधर देहात पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके मुख्य ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.3 किलोग्राम हाई एक्सप्लोसिव से तैयार इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से बड़े स्तर पर जनहानि की साजिश विफल हो गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतबीर सिंह निवासी गांव पड़ियाना, आदमपुर (जालंधर) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से काले रंग की प्लेटिना

**मोटरसाइकिल (पीबी-08-ईटी-6736) भी बरामद की गई है।**

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि बीकेआई से जुड़ा एक सक्रिय सदस्य अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर विस्फोटक सामग्री लेकर आने वाला है। इसके बाद काउंटर इंटेलिजेंस और जालंधर देहात पुलिस ने गांव ढंडौर के पास संयुक्त नाकाबंदी की। जांच के दौरान सतबीर सिंह को रोककर उसके बैग की तलाशी ली गई जिसमें आईईडी बरामद हुई। डीजीपी ने बताया कि आईईडी में बड़ी मात्रा में लोहे के छर्रे और बॉल बेयरिंग भरे गए थे जिससे साफ है कि इसे अधिकतम जनहानि पहुंचाने और राज्य में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। पुलिस यह पता लगा रही है कि विदेश में बैठे कौन से हैंडलर्स इस मॉड्यूल को संचालित कर रहे थे।

# 8वां वेतन आयोग: 7 और 10 अगस्त की बैठक में क्या होगा
# किन कर्मचारियों के मुद्दों पर होगी चर्चा?




8वें वेतन आयोग ने कर्मचारी संगठनों के साथ अगस्त में दो बैठकें बुलाई हैं। वेतन, पेंशन और भत्तों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी, जानिए किन संगठनों को मिलेगा शामिल होने का मौका?8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने कहा है कि वह अगले महीने कर्मचारी संगठनों के साथ दो और बैठकें करेगा। इन बैठकों में वेतन और नौकरी से जुड़े दूसरे मुद्दों पर चर्चा होगी। आयोग के नोटिस के अनुसार, 7 और 10 अगस्त को दिल्ली में बैठक होगी।

## बैठक में किन मुद्दों पर होगी चर्चा

इन बैठकों में कर्मचारी संगठन वेतन बढ़ाने, पेंशन, भत्ते, फिटमेंट फैक्टर, पदोन्नति, करियर में आगे बढ़ने और नौकरी की शर्तों जैसे मुद्दे उठाएंगे।

## क्या दूसरे राज्यों में भी होंगी बैठकें

आयोग ने कहा कि अगस्त की बैठकें परामर्श प्रक्रिया का हिस्सा हैं। आने वाले महीनों में दूसरे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी ऐसी बैठकें होंगी। दिल्ली-एनसीआर से बाहर के कर्मचारी संगठन अपने राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या सबसे नजदीकी जगह पर बैठक के लिए समय मांग सकते हैं।

## आयोग की अगली बैठकें कहां होंगी

आयोग ने 9 और 10 जुलाई को कोलकाता में भी अलग-अलग पक्षों के साथ बैठकें की थीं। दिल्ली के बाद यह बातचीत देश के दूसरे हिस्सों में भी जारी रहेगी। अगली बैठकें 7 और 8 सितंबर को चेन्नई और 9 सितंबर को पुडुचेरी में होंगी।

## कौन से संगठन ले सकेंगे हिस्सा

इन बैठकों में केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मचारियों के संघ, महासंघ और यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जो कर्मचारी संगठन बैठक में शामिल होना चाहते हैं, वे 31 जुलाई तक समय मांग सकते हैं।आयोग ने कहा है कि सिर्फ वही संगठन आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने पहले अपना ज्ञापन जमा किया है। साथ ही, जिन संगठनों की अब तक आयोग के साथ दिल्ली या किसी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में बैठक नहीं हुई है, वही इसके लिए पात्र होंगे। आयोग ने कहा कि आवेदन के साथ यूनिक मेमो आईडी देना जरूरी होगा। बैठक का समय और जगह बाद में बताई जाएगी।

### कर्मचारियों का डाटा जमा करने की आखिरी तारीख क्या है

आयोग ने मंत्रालयों, विभागों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कर्मचारियों का डाटा अपलोड करने की आखिरी तारीख भी बढ़ा दी है। अब यह डाटा 31 जुलाई तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जा सकेगा। आयोग ने साफ किया है कि सिर्फ आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किया गया डाटा ही माना जाएगा। ईमेल या कागज पर भेजी गई जानकारी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# Gold Silver Price: सोने ने पकड़ी रफ्तार, 10 ग्राम 1.47 लाख रुपये के पार; चांदी भी चमकी

## सोने की कीमतों में उछाल क्यों आया



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक, जिंस, सौमिल गांधी ने बताया कि सोने की कीमतों में यह वृद्धि अमेरिका-ईरान के नए राजनयिक प्रयासों के कारण हुई। इन राजनयिक प्रयासों से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई। इसने सर्राफा बाजार को मजबूत समर्थन प्रदान किया। गांधी ने आगे कहा कि चीन से मजबूत भौतिक मांग बनी हुई है। साथ ही, केंद्रीय बैंकों द्वारा लगातार खरीदारी भी जारी है। इन दोनों कारकों ने बहुमूल्य धातुओं को लगातार सहारा दिया है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 50.12 अमेरिकी डॉलर यानी 1.25 फीसदी बढ़कर 4,057.89 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी जिंस अनुसंधान, कायनात चैनवाला ने बताया कि हाजिर सोने की कीमतें मंगलवार को ऊपर चढ़ीं। यह 4,082 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह 4,000 अमेरिकी डॉलर से नीचे की गिरावट आई थी। इस गिरावट के बाद धातु ने अपनी खोई हुई जमीन वापस पाई है। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक बढ़कर 58.80 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख, प्रवीण सिंह के अनुसार, चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक वार्ता से क्षेत्रीय तनाव कम होने की उम्मीद है।

दिल्ली में सोने का भाव 800 रुपये बढ़कर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ। मजबूत स्थानीय मांग, वैश्विक रुझान और भू-राजनीतिक तनाव में कमी से सोने को समर्थन मिला। चांदी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। देश की राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतों में 800 रुपये का बड़ा उछाल देखा गया। मजबूत भौतिक मांग और वैश्विक रुझानों के चलते 10 ग्राम सोने का भाव 1.47 लाख रुपये के पार पहुंच गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु का भाव 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें सभी कर शामिल हैं। सोमवार को सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर और अपरिवर्तित रहा।घरेलू सर्राफा बाजार में कारोबारियों ने सोने में लगातार खरीदारी दर्ज की। वहीं, हालिया सुधार के बाद चांदी की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं आया और यह सपाट बनी रही।



# क्रेडिट कार्ड का बिल बना सिरदर्द मिनिमम पेमेंट की भूल
# पड़ सकती है भारी; जानिए कर्ज से निकलने के तरीके




क्या आसान ईएमआई और क्रेडिट कार्ड बढ़ा रहे हैं कर्ज का बोझ?स्मार्टफोन, टीवी, फ्रिज, एसी और गाड़ियों से लेकर विदेश यात्राओं तक के शौक अब बचत से नहीं, बल्कि क्रेडिट कार्ड और आसान किस्तों के सहारे पूरे हो रहे हैं। हालत यह है कि बाजार में बिकने वाले 70 फीसदी आईफोन ईएमआई पर खरीदे जा रहे हैं। वहीं, 30 फीसदी पर्सनल लोन केवल छुट्टियों में घूमने-फिरने के लिए लिया जा रहा है।क्रेडिट कार्ड का जाल तब बनता है, जब कोई व्यक्ति उन खरीदारी के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग करता है, जिन्हें वह तुरंत वहन नहीं कर सकता और फिर हर महीने केवल न्यूनतम भुगतान ही करता है। इस आदत के कारण भुगतान का अधिकांश हिस्सा मूलधन कम करने के बजाय केवल ब्याज चुकाने में चला जाता है, जिससे समय के साथ कर्ज लगातार बढ़ता रहता है। यदि आप भी इस कर्ज के जाल में फंस गए हैं, तो आपको तुरंत इससे बाहर निकलने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।अगर कोई रिश्तेदार या मित्र आपको बिना ब्याज के आर्थिक मदद कर सकता है, तो बिना झिझक उसकी सहायता लें। यदि आप 50,000 रुपये किसी करीबी से लेकर क्रेडिट कार्ड का बिल भर देते हैं, तो करीब 48 फीसदी तक का भारी ब्याज बच सकता है। इसमें न कोई प्रोसेसिंग फीस लगती है और न ही आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ता है। हालांकि, लेन-देन की शर्तें लिखित रखें और तय समय पर पैसा लौटा दें।

भारत में सक्रिय क्रेडिट कार्ड की संख्या 10.7 करोड़ हो गई है। जितनी तेजी से क्रेडिट कार्ड उपभोक्ता बढ़े हैं, उससे कई गुना तेजी से क्रेडिट कार्ड का बकाया भी बढ़ा है। फिलहाल क्रेडिट कार्ड पर कुल बकाया बढ़देश में क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं और बकाये दोनों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। केवल न्यूनतम भुगतान करने की आदत लोगों को भारी ब्याज के कारण कर्ज के जाल में फंसा देती है। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर पूरा भुगतान, महंगे कर्ज को कम ब्याज वाले विकल्प में बदलना, बैलेंस ट्रांसफर का सोच-समझकर उपयोग और अंतिम विकल्प के रूप में ही सेटलमेंट अपनाना चाहिए। सबसे जरूरी है कि खर्च करने की आदतों में सुधार किया जाए, ताकि कर्ज का बोझ लगातार न बढ़े।कर 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुका है।अगर निजी मदद न मिले, तो 36 से 48 फीसदी ब्याज वाले महंगे कर्ज को कम ब्याज वाले कर्ज से बदलना समझदारी हो सकती है। बैंक आपके क्रेडिट कार्ड बकाये को 12 से 18 फीसदी ब्याज वाली ईएमआई में बदल देते हैं। इसके अलावा 9.99 से 11 फीसदी ब्याज दर पर मिलने वाले पर्सनल लोन से आप पूरा कार्ड बिल एक बार में चुका सकते हैं और उसे निश्चित ईएमआई व तय समय-सीमा में निपटा सकते हैं। बैलेंस ट्रांसफर के तहत आप अपने एक कार्ड का बकाया सीमित समय के लिए कम ब्याज दर पर दूसरे कार्ड में ट्रांसफर कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि यह ऑफर अस्थायी होता है।

# Biz Updates: देशभर में 27 KG से अधिक विदेशी सोना जब्त
# DRI ने 12 तस्करों को दबोचा; किन राज्यों में कार्रवाई?




डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने देशभर में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए कई ऑपरेशन्स में 27 किलोग्राम से ज्यादा विदेशी मूल का तस्करी का सोना जब्त किया है और 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, एक सप्ताह तक चली कार्रवाई में विमान के टॉयलेट, गाड़ियों और बर्तनों में बनी खास जगहों और यात्रियों के शरीर में छिपाकर रखा गया सोना बरामद किया गया। इससे संगठित सोना तस्करी नेटवर्क के काम करने के बदलते तरीकों का पता चलता है।

### महाराष्ट्र में कितना सोना मिला?

सबसे बड़ी बरामदगी में से एक में, डीआरआई अधिकारियों ने 23-24 जुलाई को अदीस अबाबा से आ रहे तीन यात्रियों को मुंबई में रोका और एक विमान के पिछले टॉयलेट की छत के पैनल में छिपाकर रखे गए लगभग 12 किलोग्राम वजन के छह विदेशी सोने के बार बरामद किए। इसके अलावा, जांच से पता चला कि यात्रियों ने सोना इसलिए छिपाया था ताकि एयरपोर्ट का स्टाफ उसे बाद में निकाल सके। अवैध सामान जब्त कर लिया गया और तीनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुंबई एयरपोर्ट पर 22-23 जुलाई को खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए एक और ऑपरेशन में, डीआरआई अधिकारियों ने तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया। यह गिरोह विमान के टॉयलेट में मोम के रूप में सोने का बुरादा छिपाता था, जिसे विमान की सफाई करने वाले मिली-भगत वाले कर्मचारी बाद में निकाल लेते थे।

### यूपी के अलावा और कहां पकड़े गए तस्कर?

इस ऑपरेशन में मोम के रूप में 3.7 किलोग्राम सोने का बुरादा जब्त किया गया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें कैरियर, सफाई कर्मचारी, हैंडलर और रिसीवर शामिल थे। उत्तर प्रदेश में, डीआरआई अधिकारियों ने 23 जुलाई को ब्रह्मपुत्र मेल से यात्रा कर रही एक महिला को रोका और उसकी कमर की बेल्ट और हैंडबैग में छिपाकर रखे गए लगभग 5 किलोग्राम वजन के 42 विदेशी सोने के बार बरामद किए। पूछताछ के दौरान, यात्री ने माना कि सोना बांग्लादेश के रास्ते भारत में तस्करी करके लाया गया था। सोना जब्त कर लिया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।19 और 20 जुलाई के बीच किए गए एक और ऑपरेशन में, डीआरआई अधिकारियों ने कोलकाता रेलवे स्टेशन पर एक यात्री को रोका और खास तौर पर बनाए गए बर्तनों में छिपाकर रखा गया 4.6 किलोग्राम विदेशी सोना बरामद किया। एजेंसी ने कोच्चि और गुवाहाटी में भी अलग-अलग ऑपरेशन किए और लगभग 2 किलोग्राम विदेशी सोना बरामद किया।

### जंक फूड पर हेल्थ टैक्स का प्रस्ताव, ICMR और NIN ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

चिप्स, पिज्जा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, पैकेट वाले स्नैक्स, कोल्ड ड्रिंक, मोमो और मीठे पेय जैसे जंक फूड बच्चों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। आलम ये है कि भारत में 5-19 वर्ष के 4.1 करोड़ बच्चे अधिक वजन या मोटापे से प्रभावित हैं। करीब 10% बच्चे प्री-डायबिटीज और एक फीसदी किशोरों को डायबिटीज है। 5% किशोर हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं। मतलब हर तीन में से एक बच्चा इसका शिकार है। इसलिए अब जंक फूड पर सख्ती की तैयारी शुरू हो गई है। आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) ने 'सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें ऐसे खाद्य पदार्थों और शक्कर वाले पेय पर स्वास्थ्य कर या टैक्स बढ़ाने की सिफारिश की गई है। तर्क है कि इन उत्पादों के महंगे होने से इनकी खरीद कम होगी

# Income Tax Return: ITR भरते समय भूलकर भी न करें ये 5 गलतियां, वरना घर पहुंच सकता है इनकम टैक्स नोटिस

आयकर रिटर्न भरते समय छोटी-सी गलती भी आयकर विभाग के नोटिस की वजह बन सकती है। सही आईटीआर फॉर्म का चयन, AIS और Form 26AS का मिलान, सभी आय का सही खुलासा, उचित टैक्स व्यवस्था का चयन और समय पर ई-वेरीफिकेशन करने से नोटिस की संभावना काफी कम हो जाती है। यदि नोटिस मिले तो घबराने के बजाय आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से समय पर दस्तावेजों सहित जवाब देना चाहिए।आयकरदाता हर साल आखिरी तारीख की आपाधापी में आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल कर अपनी जिम्मेदारी तो पूरी कर देते हैं, लेकिन इसी हड़बड़ी में जाने-अनजाने कई ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिनका खामियाजा बाद में आयकर विभाग के नोटिस के रूप में भुगतना पड़ता है।

जाली एचआरए या किसी अनजान ट्रस्ट की 80G रसीदें न लगाएं। एआई अब ऐसे फर्जी पैटर्न तुरंत पकड़ लेता है।

फ्रीलांसिंग या दूसरी कमाई का टीडीएस फॉर्म 26AS में दिखाई देता है। इसे छिपाना संभव नहीं है।

बचत खाते और एफडी से मिला ब्याज Income from Other Sources में जरूर दर्ज करें।

शेयर बाजार या व्यवसाय में हुए घाटे को Carry Forward करना आपका कानूनी अधिकार है। इसे आईटीआर में अवश्य दर्ज करें। नई टैक्स व्यवस्था डिफॉल्ट विकल्प है। यदि आप होम लोन के ब्याज, पीपीएफ, एचआरए या अन्य कटौतियों का लाभ लेने के लिए पुरानी टैक्स व्यवस्था चुनना चाहते हैं, तो रिटर्न भरते समय सही विकल्प का चयन अवश्य करें।रिटर्न जमा करने के 30 दिनों के भीतर उसे आधार ओटीपी या नेट बैंकिंग के माध्यम से ई-वेरीफाई करना कानूनी रूप से अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर आपका रिटर्न अमान्य माना जा सकता है और 5,000 रुपये तक का जुर्माना भी लग सकता है। आयकर रिटर्न दाखिल करना कोई डर का विषय नहीं है। यह आपकी वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता का प्रतिबिंब है। 31 जुलाई की आखिरी तारीख का इंतजार करने के बजाय समय रहते हैं।




### कैसे एक छोटी-सी गलती बन गई नोटिस की वजह

पिछले साल 31 जुलाई की रात 12 बजे से पहले आशीष तिवारी ने अपना आईटीआर फाइल कर राहत की सांस ली। उन्हें लगा कि समय पर इनकम टैक्स रिटर्न भरकर उन्होंने अपनी नागरिक जिम्मेदारी पूरी कर दी। लेकिन ठीक चार महीने बाद उनके पास आयकर विभाग का नोटिस पहुंच गया। आखिरी तारीख की आपाधापी में आशीष ने आईटीआर तो भर दिया था, लेकिन सालभर में शेयर बाजार से हुए छोटे-मोटे शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन और बैंक एफडी से मिले ब्याज की जानकारी देना भूल गए थे। ऐसा करने वाले आशीष अकेले नहीं थे। पिछले साल आयकर विभाग ने एक लाख से अधिक करदाताओं को नोटिस जारी किए थे। इसके अलावा करीब 1.65 लाख मामलों को विभाग ने स्क्रूटनी के लिए चुना था। यह आंकड़ा पिछले कुछ वर्षों की तुलना में लगभग तीन से चार गुना अधिक है। आज आयकर विभाग के पास ऐसा एआई सिस्टम है, जो आपके बैंक खातों, क्रेडिट कार्ड के बड़े बिलों, म्यूचुअल फंड निवेश और रजिस्ट्रार कार्यालय के रिकॉर्ड का आपके आईटीआर से मिलान करता है। जैसे ही आंकड़ों में जरा-सा भी अंतर दिखाई देता है, सिस्टम तुरंत अलर्ट जारी कर देता है।रिटर्न भरने से पहले आयकर पोर्टल से अपना Annual Information Statement (AIS) डाउनलोड करें। आईटीआर में दर्ज आय और एआईएस के आंकड़ों का मिलान करें।

# The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का सिलसिला टूटा; सेंसेक्स 569 अंक चढ़ा, निफ्टी 23950 के करीब




सोमवार को शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजार भी अधिकतर बढ़त के साथ खुले। गिफ्ट निफ्टी 0.48 फीसदी बढ़कर 23,942.00 पर रहा। जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.40 फीसदी की वृद्धि के साथ 64,870.00 पर बंद हुआ। हैंग सेंग सूचकांक 0.87 फीसदी बढ़कर 25,183.00 पर बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 3,829.39 पर रहा।कुछ एशियाई बाजारों में गिरावट भी दर्ज की गई। ताइवान वेटेड सूचकांक 0.98 फीसदी गिरकर 43,232.88 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.50 फीसदी फिसलकर 6,657.15 पर बंद हुआ। पश्चिमी बाजारों में भी मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। डॉव जोन्स फ्यूचर्स 289.60 अंक या 0.56 फीसदी बढ़कर 52,236.85 पर कारोबार कर रहा था।

सोमवार, 27 जुलाई 2026 को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स और निफ्टी ने ईरान-अमेरिका तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण तेजी से शुरुआत की। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और विश्लेषकों की राय।भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ की। बीएसई सेंसेक्स 549.21 अंक या 0.72 फीसदी बढ़कर 76,608.98 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 166.85 अंक या 0.70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। निफ्टी 23,934.30 अंक के स्तर पर पहुंच गया।पीएल कैपिटल के हेड एडवाइजरी विक्रम कासट के अनुसार 1000 करोड़ रुपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली 300 से ज्यादा कंपनियों ने नतीजे घोषित किए हैं। इन कंपनियों की आय का रुझान उत्साहजनक बना हुआ है। कासट ने कहा कि उच्च ऊर्जा लागत की चिंताओं के बावजूद मार्जिन में कमी नहीं आई है। राजस्व वृद्धि मध्य-किशोर प्रतिशत में बनी हुई है। कॉर्पोरेट आय में यह मजबूती व्यापक बाजार के स्थिर रहने का मुख्य कारण है। यह मार्च 2026 में देखी गई

## प्रधानमंत्री पर अपमानजनक कार्टून दिखाने वाली श्रीलेखा मित्रा कौन हैं?

# पुलिस में केस दर्ज बचाव में क्या कहा?



Who Is Sreelekha Mitra: बीते दिनों कोलकाता में हुए नीट प्रोटेस्ट के दौरान बंगाली एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा भी नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपत्तिजनक और अपमानजनक कार्टून दिखाए थे।

इसे लेकर उन पर पुलिस में मामला दर्ज हो गया है। जानिए, इस एक्ट्रेस का करियर कैसा रहा? और अपने बचाव में वह क्या बोलीं? नीट प्रोटेस्ट के दौरान कई सेलेब्स सोशल मीडिया पर मुखर होकर बोले थे। वहीं कुछ फिल्मी सितारे प्रोटेस्ट में शामिल भी हुए। कोलकाता में भी एक ऐसे ही प्रोटेस्ट में अभिनेत्री श्रीलेखा मित्रा शामिल हुईं। उनके साथ हाथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अपमानजनक पोस्टर था। इसे लेकर वह सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुईं। साथ ही कोलकाता पुलिस में उनके खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ। जानिए, इस बंगाली एक्ट्रेस के करियर से जुड़ी बातें- बंगाली सिनेमा में श्रीलेखा मित्रा जाना-माना नाम हैं। साथ ही वह सामाजिक मुद्दों पर भी खुलकर बोलती हैं। अभिनय के अलावा वह लेखन में भी सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 1990 में की थी। कई बंगाली फिल्मों और टीवी सीरियल में श्रीलेखा मित्रा ने अभिनय किया। इंस्टाग्राम पर भी उनके लगभग 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। बीते दिनों नीट प्रोटेस्ट में भी वह शामिल हुईं, वहां पर सरकार को पेपर लीक मामले में जवाबदेही लेने की बात अभिनेत्री ने कही। एएनआई की खबर के मुताबिक यह मामला केया घोष की शिकायत पर रविवार को आनंदपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया।

# Dhanush: क्या विजय थलापति के बाद राजनीति में कदम रखने वाले हैं धुनष?

Dhanush Enter In Politics Speculation: फिल्मी सितारों का राजनीति में कदम रखना कोई नई बात नहीं है। अभिनेता विजय ने फिल्मी दुनिया छोड़कर तमिलनाडु के सीएम बनने तक का सफर तय किया। अब अटकलें लग रही हैं कि अभिनेता धनुष भी राजनीति में कदम रखने वाले हैं। अभिनेता धनुष फिल्मों के अलावा समाज सेवा के काम में भी काफी सक्रिय रहते हैं। रविवार को उनके फैंस ने एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाया था। इस कार्यक्रम में धनुष भी शामिल हुए। उन्होंने वहां पर एक भाषण दिया, जिसे सुनकर सोशल मीडिया यूजर्स, फैंस को लगा कि वह भी राजनीति में कदम रखने वाले हैं। जानिए, वायरल वीडियो में धनुष ने ऐसा क्या कहा? अभिनेता धनुष ने कार्यक्रम में कहा, 'इतने सारे लोग एक जगह जमा हुए हैं। इस तरह की एकता में बहुत बड़ी ताकत होती है। मैं उस एकता को एक मकसद देना होगा। सिर्फ ऑडियो लॉन्च और मीटअप से आगे बढ़कर हमें भलाई के और भी कामों में शामिल होना होगा। अपने इलाके के लोगों और अपने आस-पास रहने वाले परिवारों की जरूरतों को समझें और हर संभव तरीके से उनकी मदद करें। आप उनकी जो भी मदद कर सकते हैं, जरूर करें। मुझे आप पर और भी गर्व महसूस होना चाहिए। मुझे यकीन है कि आप ऐसा करेंगे।' जब फैंस ने सोशल मीडिया पर धनुष का वीडियो देखा तो उन्होंने रिएक्शन भी दिए।



# रविवार को बॉक्स ऑफिस पर छा गई 'जन नायकन जानें क्या रहा 'द ओडिसी' और 'धमाल 4' का हाल?




Box office Collection: इस वक्त भारतीय बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड की फिल्में कलेक्शन की दौड़ में शामिल हैं। जानिए रविवार को साउथ फिल्म 'जन नायकन', बॉलीवुड फिल्म 'धमाल 4' और हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' ने कितनी कमाई की है। लगभग छह महीने के लंबे इंतजार के बाद और तमाम मुश्किलों को पार करके विजय थलापति की फिल्म 'जन नायकन' रिलीज हुई। इस फिल्म ने रविवार को यानी रिलीज के चौथे दिन जमकर कमाई की है जानें, इसके अलावा फिल्म 'द ओडिसी' और 'धमाल 4' ने रविवार को अपने खाते में कितने रुपये जमा किए। फिल्म 'जन नायकन' को रिलीज हुए चार दिन हो चुके है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने रविवार को यानी रिलीज के चौथे दिन 32 करोड़ रुपये कमाए हैं।

वहीं तीसरे दिन 28.90 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 124.75 करोड़ रुपये हो चुका है।

**जन नायकन' के हिंदी वर्जन को भी मिला अच्छा रेस्पॉन्स**

फिल्म के तमिल, तेलुगु वर्जन के अलावा हिंदी वर्जन को भी अच्छा रेस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने रविवार को जो 32 करोड़ रुपये कमाए हैं, उसमें हिंदी वर्जन के 9 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। फिल्म में लीड रोल में विजय थलापति हैं। फिल्म को एच विनोद ने निर्देशित किया है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' ने रविवार को यानी रिलीज के 10वें दिन 11.45 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि 9वें दिन इसने 11.05 करोड़ रुपये कमाए थे। क्रिस्टोफर नोलन निर्देशित इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 119.74C करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, एनी हैथवे मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। अजय देवगन स्टारर फिल्म 'धमाल 4' को इंद्र कुमार ने निर्देशित किया है। इस फिल्म ने रविवार को यानी रिलीज के 17वें दिन 6.15 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि 16वें दिन 4.50 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 149.55 करोड़ रुपये हो चुका है। यह फिल्म जल्द ही 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी। शैतान और कॉमेडी का तड़का लगाने वाली फ्रेंचाइजी 'धमाल 4' ने पारिवारिक दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफलता हासिल की। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण बच्चों और परिवारों की भीड़ ने फिल्म के कलेक्शन में अच्छा-खासा इजाफा किया।

बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों फिल्मों की अलग-अलग जॉनर (राजनीतिक-ड्रामा/एक्शन, साइ-फाई और कॉमेडी) के कारण अपनी-अपनी दर्शक वर्ग (Target Audience) है। रविवार के शानदार आंकड़ों ने यह साबित कर दिया है कि दर्शक सिनेमाघरों में हर तरह के मनोरंजन को पसंद कर रहे हैं। आने वाले हफ्तों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी फिल्म अपनी इस रफ्तार को बरकरार रख पाती है।

दर्शकों की प्रतिक्रिया: वीएफएक्स (VFX) और भव्य विजुअल्स के शौकीन दर्शकों ने इस फिल्म को प्राथमिकता दी। हालांकि यह मास सर्किट में 'जन नायकन' से थोड़ी पीछे रही, लेकिन शहरी केंद्रों (Urban Centers) में इसका दबदबा कायम रहा। प्रदर्शन: हॉलीवुड और साइंस-फिक्शन प्रेमियों के बीच चर्चित फिल्म 'द ओडिसी' ने भी सप्ताहांत (Weekend) पर अच्छा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन: यह फिल्म रविवार को बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह छाई रही। मास अपील और दमदार नैरेटिव के दम पर फिल्म ने टिकट खिड़की पर बेहतरीन कमाई दर्ज की।

# Indian Idol 16 Winner

## ज्योतिर्मयी नायक बनीं 'इंडियन आइडल 16' की विनर तनिष्क और मनराज रहे रनर-अप

Indian Idol 16 Winner: कई महीनों तक शानदार परफॉर्मेंस और इमोशनल पलों के बाद 'इंडियन आइडल 16' के विजेता की घोषणा रविवार को हुई। इस खबर में जानिए ग्रैंड फिनाले से जुड़ी पूरी जानकारी। ज्योतिर्मयी नायक ने रविवार को इंडियन आइडल 16 का खिताब अपने नाम कर लिया है। ग्रैंड फिनाले में जीत की ट्रॉफी के साथ उन्हें सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की तरफ से 20 लाख का कैश प्राइज मिला। सिंगिंग रियलिटी शो के इस 16वें सीजन के टॉप 3 फाइनलिस्ट मनराज वीर सिंह, ज्योतिर्मयी नायक और तनिष्क शुक्ला रहे और अंत में ज्योतिर्मयी नायक ने बाजी मारी। तनिष्क पहले रनरअप रहे और मनराज दूसरे रनरअप बने। इंडियन आइडल 16 के फाइनल में जज के तौर पर बादशाह, कुमार सानू और श्रेया घोषाल मौजूद रहे, जबकि विशाल ददलानी वीडियो कॉल के जरिए सभी से जुड़े। इसके अलावा अभिनेत्री शहनाज गिल कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट के तौर पर पहुंचीं। तनिष्क शुक्ला और मनराज वीर सिंह इस सीजन के रनर-अप रहे। दोनों को 5-5 लाख का कैश प्राइज मिला है। फिनाले की रेस में स्पॉटलाइट राउंड के बाद मैस्मे बोसु बाहर हो गए थे।



# Box Office: 100 करोड़ क्लब से कुछ ही दूर 'द ओडिसी' शुक्रवार को 'धमाल 4' ने भी पकड़ी रफ्तार



The Odyssey Box Office Collection: जहां एक तरफ बॉक्स ऑफिस पर नई रिलीज हुई फिल्म 'जन नायकन' का जलवा है। वहीं सिनेमाघरों में पहले से चल रही फिल्में 'द ओडिसी' और 'धमाल 4' ने आज शुक्रवार को अच्छा कलेक्शन किया है।

सिनेमाघरों में 23 जुलाई को 'जन नायकन' रिलीज हुई है। इस फिल्म के रिलीज होने से बॉक्स ऑफिस पर बाकी फिल्मों के कलेक्शन पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' का कलेक्शन मामूली तौर से बढ़ा है। वहीं 'धमाल 4' का 15वें दिन कलेक्शन बढ़ा है। आइए जानते हैं दोनों फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है? सैकनिल्क से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक फिल्म 'द ओडिसी' ने आठवें दिन खबर लिखे जाने तक 6.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसका कुल कलेक्शन 97.15 करोड़ रुपये हो गया है। शुरुआत में फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। वीकएंड के बाद इसका कलेक्शन घटा है। इसके बावजूद फिल्म ठीक ठाक कलेक्शन कर रही है। 'धमाल 4' ने आज तीसरे शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। देर रात इन आंकड़ों में इजाफा हो सकता है। फिल्म का कुल कलेक्शन 139.15 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का बजट 150 से 200 करोड़ रुपये है। इस लिहाज से इसने ठीक-ठाक कलेक्शन कर लिया है। पहले हफ्ते में 'धमाल 4' ने 96 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे हफ्ते में इसने 40.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। तीसरे शुक्रवार को इसने 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है

# क्या 'रामायण' के बाद 'धूम 4' में दिखेंगे रणबीर कपूर? एक्टर ने 'लव एंड वॉर' पर भी किया बड़ा खुलासा कही ये बात



Ranbir Kapoor Upcoming Movies: बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने हाल ही में अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'धूम 4' को लेकर भी बड़ा खुलासा किया। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। फिल्म 'रामायण' की टीम हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक कॉन में अपनी फिल्म को प्रमोट करने पहुंची थी। इस दौरान डायरेक्टर नितेश तिवारी, प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा और एक्टर्स रणबीर कपूर और यश मौजूद थे। इवेंट के दौरान रणबीर ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स पर भी बात की और साफ किया कि वह 'धूम 4' का हिस्सा नहीं हैं। 'धूम 4' पर क्या बोले रणबीर?

रिव्यू नेशन यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान होस्ट ने कहा कि यश 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के साथ-साथ रामायण में नजर आएंगे और रणबीर 'धूम 4' में दिखेंगे। इस पर रणबीर ने तुरंत इनकार करते हुए कहा, 'नहीं, अभी मैं रामायण और एक दूसरी फिल्म 'लव एंड वॉर' पर काम कर रहा हूं, जिसे संजय भंसाली डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल जनवरी में रिलीज हो सकती है।' फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट को लेकर अलग-अलग जानकारी सामने आई है। कुछ रिपोर्ट्स में 24 जनवरी बताया गया है, जबकि आधिकारिक तौर पर 21 जनवरी की तारीख भी सामने आ चुकी है।

खास बात यह रही कि रणबीर ने अपनी फिल्मों की लिस्ट बताते वक्त 'एनिमल पार्क' का जिक्र नहीं किया, जो उनकी 2023 की हिट फिल्म 'एनिमल' का सीक्वल माना जा रहा है। रणबीर कपूर के 'धूम' फ्रेंचाइज से जुड़ने की खबरें काफी समय से चल रही हैं। साल 2024 में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि आदित्य चोपड़ा उन्हें इस फिल्म के लिए परफेक्ट मानते हैं और लंबे समय तक बातचीत भी हुई थी। इसके बाद जब रणबीर का नया लुक सामने आया, तो लोगों ने अंदाजा लगाया कि वह 'धूम 4' या 'एनिमल पार्क' के लिए हो सकता है। 2025 में यह भी खबर आई थी कि विक्की कौशल को भी फिल्म में लिया जा सकता है। हालांकि, अब तक यश राज फिल्म्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# Aaj Ka Rashifal 19 July

## मेष और कुंभ राशि वालों के लिए खुलेंगे तरक्की के नए रास्ते पढ़ें 26 जुलाई का राशिफल




**Rashifal 27 July 2026**: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।

**Rashifal 27 July 2026**: वैदिक ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों और नक्षत्रों की बदलती चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर पड़ता है। 27 जुलाई 2027 को ग्रहों की स्थिति कई राशियों के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है, जबकि कुछ राशि के जातकों को सोच-समझकर निर्णय लेने की आवश्यकता होगी। करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन और संबंधों पर ग्रहों का अलग-अलग प्रभाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 27 जुलाई 2027 का दिन मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहने वाला है।

आज आपके लिए जमीन-जायदाद से जुड़ी खुशखबरी का दिन है, जैसे किस्मत खुद आपके लिए नया दरवाज़ा खोल रही हो। नया घर, दुकान या मकान लेने का विचार मन में मजबूत होगा और पिताजी की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक बनेगी।

### मेष

आज आपके लिए जमीन-जायदाद से जुड़ी खुशखबरी का दिन है, जैसे किस्मत खुद आपके लिए नया दरवाज़ा खोल रही हो। नया घर, दुकान या मकान लेने का विचार मन में मजबूत होगा और पिताजी की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक बनेगी। बच्चों के साथ बिताया गया समय दिल को हल्का और खुश कर देगा। हालांकि पिताजी की सेहत को लेकर थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार में अगर पहले से मनमुटाव चल रहा था, तो छोटी-छोटी बातें भी तकरार का कारण बन सकती हैं, इसलिए संयम ही आपका सबसे बड़ा हथियार रहेगा।

### वृषभ

आज धन और समृद्धि की खुशबू आपके चारों ओर फैली रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी और दिल को सुकून मिलेगा। अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का समय है। खान-पान में थोड़ा संयम रखें, वरना सेहत साथ छोड़ सकती है। घर में किसी नए मेहमान की एंट्री माहौल को खुशियों से भर देगी, लेकिन कामों की अधिकता आपको थोड़ा परेशान कर सकती है। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना आपके लिए बोनस जैसा रहेगा।

### मिथुन

आज विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी का दिन हो सकता है, जैसे मेहनत का मीठा फल मिलने वाला हो। अगर आपने किसी परीक्षा में भाग लिया था, तो परिणाम आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। बिजनेस में पार्टनरशिप कर रखी है तो आज आंखें खुली रखें, क्योंकि सतर्कता ही सुरक्षा है। वाहन से जुड़ी कोई परेशानी जेब ढीली कर सकती है। बातचीत में संतुलन रखना जरूरी होगा, क्योंकि आपकी एक छोटी सी बात भी किसी को चुभ सकती है।

### कर्क

आज आपका मन भक्ति और श्रद्धा में डूबा रहेगा, जैसे आत्मा को सच्चा सुकून मिल रहा हो। लेकिन वैवाहिक जीवन में कुछ उलझनें आपके मन को विचलित कर सकती हैं। पिताजी के साथ किसी बात पर टकराव होने की संभावना है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ बिताया गया समय आपको हल्का महसूस कराएगा, लेकिन जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है।

### कन्या

आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको उसका पूरा फल मिलेगा। आसपास के लोगों से मिली सलाह आपके लिए सोने पर सुहागा साबित होगी। परिवार में किसी बुजुर्ग की सेहत को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। घर में कोई धार्मिक आयोजन करने का विचार आपको सुकून देगा। संतान से किया हुआ वादा निभाने की कोशिश आपको उनके और करीब ले आएगी। घर के कामों में बदलाव का विचार भी आकार ले सकता है।

### सिंह

आज अगर मन में किसी काम को लेकर जरा सा भी संशय है, तो कदम पीछे खींच लेना ही समझदारी होगी। माताजी से मिली जिम्मेदारी आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका देगी। भाई-बहनों का साथ आपको मजबूती देगा। संतान की पढ़ाई को लेकर आप गंभीर रहेंगे और उनके शिक्षकों से बातचीत करेंगे। खान-पान में लापरवाही पेट से जुड़ी परेशानी दे सकती है। घर में किसी अतिथि का आगमन खुशी और चहल-पहल लेकर आएगा।

### तुला

आज मन थोड़ा उलझा-उलझा सा रहेगा और कामों में भी रुकावटें आ सकती हैं, जिससे धैर्य की परीक्षा होगी। यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान का खास ध्यान रखें। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरकर आपको गर्व महसूस कराएगी। कोई पुराना लेन-देन फिर से सिर उठा सकता है और तनाव बढ़ा सकता है। परिवार में विवाह से जुड़ी अड़चनें दूर होने से खुशियों का माहौल बनेगा और पुराने विवाद भी खत्म हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज आपके लिए नए काम की शुरुआत का सुनहरा मौका है, जैसे किस्मत आपके साथ कदम मिलाकर चल रही हो। आपकी मेहनत का फल आपको भरपूर मिलेगा और भाई-बहनों का साथ आपके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगा। कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप सतर्क रहेंगे। ईर्ष्यालु लोगों से दूरी बनाकर रखें। घूमने-फिरने के दौरान कोई खास जानकारी आपके काम आ सकती है।

### धनु

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा, लेकिन आप अपने आत्मविश्वास से हर स्थिति को संभाल लेंगे। पुराने मित्र की यादें मन को भावुक कर सकती हैं। बिजनेस में हल्की हलचल रहेगी, लेकिन आपकी मेहनत आपको आगे बढ़ाएगी। किसी विरोधी की बात दिल को चोट पहुंचा सकती है। संतान की ओर से मिलने वाली खुशखबरी आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए काम पूरे करेगा।

### मकर

आज का दिन सामान्य होते हुए भी आपको व्यस्त बनाए रखेगा। एक साथ कई काम आने से ध्यान भटक सकता है, इसलिए एक-एक करके काम निपटाना बेहतर रहेगा। दूसरों के मामलों में बोलने से बचें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। लापरवाही से छोटे काम भी बड़े बन सकते हैं। किसी सहयोगी की बात दिल को लग सकती है। पिताजी की सेहत पर ध्यान देने की जरूरत होगी। लेन-देन में सावधानी ही सुरक्षा है।

### कुंभ

आज किस्मत आपका साथ देने को तैयार है और बिजनेस में आपकी योजनाएं शानदार परिणाम देंगी। नौकरी बदलने का सोच रहे लोगों को खुशखबरी मिल सकती है। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की दस्तक दिल को खुश कर देगी। पिताजी की किसी बात से मन आहत हो सकता है, लेकिन समय के साथ सब ठीक होगा। धन से जुड़े मामलों में खुद पर भरोसा रखें और दूसरों पर निर्भर रहने से बचें।

### मीन

आज हर कदम सोच-समझकर रखने का दिन है, क्योंकि जल्दबाजी गड़बड़ी कर सकती है। संतान का व्यवहार आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, लेकिन धैर्य से काम लें। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। विद्यार्थियों के अंदर कुछ नया करने की चाह जागेगी। माता-पिता की सेवा करने से मन को शांति मिलेगी। कोई पुराना लेन-देन पूरा होकर आपको राहत देगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## कन्या और मीन राशि वालों के रिश्तों में बढ़ेगा विश्वास जानें अन्य सभी राशियों का हाल




Love Rashifal: आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का 27 जुलाई 2026 का लव राशिफल।

Love Rashifal 27 July: वैदिक ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों और विशेष रूप से शुक्र व चंद्रमा की स्थिति प्रेम संबंधों और वैवाहिक जीवन पर गहरा प्रभाव डालती है। दैनिक लव राशिफल चंद्र राशि पर आधारित होता है, जो रिश्तों में प्यार, विश्वास, संवाद और आपसी तालमेल के बारे में संकेत देता है। आइए जानते हैं कि आज का दिन मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के प्रेम और वैवाहिक जीवन के लिए कैसा रहने वाला है।

# Monthly Horoscope August

## अगस्त में करियर कारोबार और परिवार पर कैसा रहेगा ग्रहों का असर? पढ़ें मासिक राशिफल




**Monthly Horoscope August 2026**: अगस्त 2026 कई महत्वपूर्ण ग्रह गोचर और खगोलीय घटनाओं का साक्षी बनने जा रहा है। इस दौरान सूर्य, मंगल और बुध समेत कई ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जबकि सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण का भी प्रभाव देखने को मिलेगा।

**August Rashifal 2026**: अगस्त 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, वहीं सूर्य और चंद्र ग्रहण जैसी महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाएं भी होंगी। इन ग्रहों की चाल का असर सभी 12 राशियों के करियर, आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा और पारिवारिक जीवन पर अलग-अलग रूप में देखने को मिल सकता है। महीने की शुरुआत 1 अगस्त को शुक्र के कन्या राशि में प्रवेश से होगी। 2 अगस्त को मंगल मिथुन राशि में गोचर करेंगे। 5 अगस्त को बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जहां उनकी युति सूर्य और गुरु से बनेगी। 17 अगस्त को सूर्य सिंह राशि में प्रवेश करेंगे और 22 अगस्त को बुध भी सिंह राशि में गोचर करेंगे। इसके अलावा शनि पूरे महीने मीन राशि में वक्री रहेंगे, जबकि राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में विराजमान रहेंगे। ऐसे में अगस्त का महीना कई राशियों के लिए नए अवसर लेकर आएगा, तो कुछ राशियों को धैर्य और सतर्कता के साथ आगे बढ़ना होगा।

# Numerology Prediction

## वक्री शनि इन 3 मूलांक वालों के लिए ला सकते हैं चुनौतियां




अंक ज्योतिष के अनुसार शनि ग्रह 27 जुलाई 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक वक्री रहेंगे। शनि की यह टेढ़ी चाल कुछ मूलांक वालों के लिए चुनौतियां लेकर आ सकती है। आइए जानते हैं इन मूलांकों पर वक्री शनि का क्या प्रभाव पड़ सकता है।

**Numerology Horoscope**: शनि ग्रह को ज्योतिष में कर्मफलदाता और न्याय का देवता माना जाता है। जब शनि अपनी चाल बदलते हैं, तो उसका प्रभाव केवल राशियों पर ही नहीं बल्कि अंक ज्योतिष के मूलांकों पर भी पड़ता है। वर्ष 2026 में 27 जुलाई से शनि वक्री हो चुके हैं और 11 दिसंबर 2026 तक लगभग 138 दिनों तक इसी अवस्था में रहेंगे। इस दौरान शनि की टेढ़ी चाल कई लोगों के जीवन में आत्ममंथन, देरी और चुनौतियों की स्थिति पैदा कर सकती है। अंक ज्योतिष के अनुसार इस अवधि में मूलांक 2, मूलांक 4 और मूलांक 7 के जातकों को विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता होगी।

इन लोगों को मानसिक तनाव, आर्थिक मामलों में सावधानी और रिश्तों में संतुलन बनाए रखने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं कि शनि की वक्री चाल इन मूलांकों पर किस प्रकार प्रभाव डाल सकती है और किन उपायों से राहत मिल सकती है।

**मूलांक 2**

अंक ज्योतिष में मूलांक 2 का स्वामी चंद्रमा माना जाता है, जो मन, भावनाओं और संवेदनशीलता का प्रतिनिधित्व करता है। शनि की वक्री चाल के दौरान इस मूलांक के जातकों को मानसिक अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। छोटी-छोटी बातें भी चिंता और तनाव का कारण बन सकती हैं। परिवार में मतभेद की स्थिति बन सकती है और माता के स्वास्थ्य को लेकर मन चिंतित रह सकता है। कार्यक्षेत्र में भावनाओं में बहकर कोई भी निर्णय लेने से बचें, क्योंकि इससे नुकसान होने की आशंका रहेगी। इस समय किसी पर बिना परखे भरोसा करना उचित नहीं होगा। धैर्य, संयम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना आपके लिए सबसे लाभकारी रहेगा।

## Hardik Pandya: क्या हार्दिक पांड्या का CSK जाना तय

## देने होंगे 20+ करोड़? इन दो खिलाड़ियों से हो सकता है ट्रेड



क्या हार्दिक पांड्या अगले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे? रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएसके ने शिवम दुबे, डेवाल्ड ब्रेविस और 10 करोड़ रुपये के साथ बड़ा ट्रेड ऑफर दिया है। हालांकि, मुंबई इंडियंस की कड़ी शर्तें डील में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं, जबकि केकेआर भी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद से हार्दिक पांड्या लगातार चर्चा में हैं। लीग के बीच में ही मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक ने खुद को अचानक टीम से अलग कर लिया था। ऐसा कहा गया कि उन्हें चोट लगी है, लेकिन धीरे-धीरे टीम के अंदर कलह की रिपोर्ट्स सामने आईं। लीग में मुंबई के सफर के अंत के बाद रिपोर्ट्स आईं कि हार्दिक टीम के कुछ सीनियर सदस्यों से खुश नहीं थे और तय हो गया है कि वह मुंबई का साथ छोड़ना चाहते हैं। अगले सीजन वह टीम के साथ नहीं रहेंगे। अब एक और रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि हार्दिक का सीएसके में जाना लगभग तय हो गया है। सीएसके दो खिलाड़ियों के बदले हार्दिक को ट्रेड करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पहले ये कहा जा रहा था कि सीएसके की टीम आयुष म्हात्रे के साथ एक और खिलाड़ी की जगह हार्दिक को मुंबई से ट्रेड कर सकती है।

हालांकि, अब हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सीएसके की टीम डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे के साथ-साथ 10 करोड़ रुपये देकर हार्दिक को मुंबई से ट्रेड करने को तैयार है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई हार्दिक को ट्रेड करने के बदले भारी मांग कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई की टीम शिवम दुबे के साथ आयुष म्हात्रे को शामिल करना चाहती थी। मुंबई की नजर में आयुष, जिन्होंने आईपीएल 2026 में 180 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे, उन्हें मुंबई के भविष्य के तौर पर देख रही है।

हालांकि, सीएसके की टीम इसके लिए तैयार नहीं है। फ्रेंचाइजी खुद म्हात्रे को सीएसके के भविष्य के तौर पर देख रही है। 19 साल के म्हात्रे से किनारा करने की जगह सीएसके ने मुंबई को विकल्प पर विचार करने कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीएसके ने मुंबई को दुबे के साथ विस्फोटक युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को ट्रेड में शामिल किया है। साथ ही 10 करोड़ रुपये देने का भी ऑफर रखा है। अगर यह डील फाइनल होती है तो चेन्नई सुपर किंग्स का प्रस्तावित काउंटर-ऑफर कुल मिलाकर 20 करोड़ रुपये से अधिक के एसेट वैल्यूएशन का हो सकता है, जो मुंबई इंडियंस के लिए बड़ी कमाई साबित होगा। हार्दिक पांड्या भारतीय क्रिकेट में अब भी बेहद दुर्लभ खिलाड़ी माने जाते हैं। वह पेस बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और साथ ही कप्तानी का विकल्प भी देते हैं।

## ICC: भारतीय टीम आईसीसी टी20 रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने का मिला फायदा




भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त लेने का फायदा मिला। भारतीय टीम एक बार फिर आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ा। भारत ने हरारे में चल रही तीन मैच की सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 की विजयी बढ़त बनाकर रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को पछाड़ा जिसने हाल ही में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम को 0-4 से हराकर पांच मैच की सीरीज जीती थी। इससे पहले भारत को आयरलैंड के खिलाफ भी 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम ने हालांकि जीत की राह पर वापसी करते हुए हरारे में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया और फिर दूसरे मैच में 90 रन की जीत के साथ 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ईशान किशन बल्लेबाजों की सूची में 892 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अभिषेक शर्मा (858 अंक) का नंबर आता है। ईशान की तरह दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा 733 अंक के साथ आठवें पायदान पर बरकरार हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती शीर्ष 10 में अकेले भारतीय गेंदबाज हैं। वह 683 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। भारत को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार टी20 सीरीज में जीत मिली है। सूर्यकुमार यादव की जगह टी20 टीम के कप्तान बनाए गए श्रेयस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। श्रेयस की कप्तानी में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने सीरीज गंवाई थी। श्रेयस कप्तान के तौर पर पहले सात मैचों में जीत नहीं दर्ज कर सके थे, लेकिन जिम्बाब्वे दौरे पर उन्हें राहत मिली

भारत ने इस सीरीज के दोनों मुकाबले अपने नाम कर सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। भारत की कोशिश अब जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा टी20 मैच जीतकर क्लीन स्वीप करने पर है। ईशान की तरह दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा 733 अंक के साथ आठवें पायदान पर बरकरार हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती शीर्ष 10 में अकेले भारतीय गेंदबाज हैं। वह 683 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ईशान किशन बल्लेबाजों की सूची में 892 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अभिषेक शर्मा (858 अंक) का नंबर आता है। विकेट से हराया और फिर दूसरे मैच में 90 रन की जीत के साथ 2-0 की बढ़त बना ली।

## Asian Games: क्वार्टर फाइनल से अभियान की शुरुआत करेंगे भारत-पाकिस्तान जानें एशियाड में क्रिकेट का कार्यक्रम



भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना दम दिखाने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम को पाकिस्तान की तरह सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष तथा महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है। भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। **सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं भारत-पाकिस्तान**

भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है। एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता 24 सितंबर को शुरू होगी और उसका फाइनल मैच एक अक्तूबर को खेला जाएगा। महिलाओं की प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक होगी। भारतीय महिला टीम फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ सकती है। पुरुषों की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में ग्रुप ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल तथा ग्रुप बी में हांगकांग, चीन, मलयेशिया और ओमान शामिल होंगे। दोनों प्रतियोगिताएं आइची प्रांत के कोरोजी एथलेटिक पार्क में टी20 प्रारूप में खेली जाएंगी।

श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले यह 2010 में ग्वांग्झू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोऊ खेलों का हिस्सा था। श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल*

## IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

## ICC Player of the Month: आईसीसी ने किया जून के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एलान किन प्लेयर्स ने जीते अवॉर्ड?



आईसीसी ने जून 2026 के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स का एलान करते हुए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने क्रमशः इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज और महिला टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जून 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

**नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड में रचा इतिहास**

27 वर्षीय नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाई। टीम के कई प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद स्मिथ ने नई गेंद से जिम्मेदारी संभाली और पूरी सीरीज में 23 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पीछे छोड़ा।

**लॉर्ड्स टेस्ट में किया यादगार प्रदर्शन**

स्मिथ का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहले टेस्ट में लॉर्ड्स पर देखने को मिला, जहां उन्होंने दूसरी पारी में 6/70 विकेट लेकर मैच में कुल नौ विकेट झटके। दूसरे टेस्ट में उन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं निर्णायक तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 4/91 और दूसरी पारी में दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। अवार्ड मिलने पर स्मिथ ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद खास है, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा टीम की जीत में योगदान देना रही है।



महिला वर्ग में इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार अपने नाम किया। नवंबर 2024 के बाद यह दूसरा मौका है जब उन्हें आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है उन्होंने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया।।

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से
छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















